दिन–सोमवार दिनांक– 22 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03ः10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। सुलभ इंटरनेशनल के प्रणेता बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया जायेगा। वहीं, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ सीपी ठाकुर को पद्म भूषण पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य की पांच अन्य विभूतियों को पद्म श्री से सम्मानित किया जायेगा। इनमें वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र किशोर, गोदना पेटिंग के लिए शांति देवी पासवान और शिवन पासवान तथा टिकुली कला के लिए अशोक कुमार विश्वास को पद्मश्री दिया जाएगा। दरभंगा घराने के ध्रुपद शैली के गायक पंडित राम मल्लिक को कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में दूसरे और तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बांका, भागलपुर और किशनगंज में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा कर रहे हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का संयुक्त रूप से पूर्णियां, कटिहार और भागलपुर लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा का कार्यक्रम है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज बांका, पूर्णियां और कटिहार में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा में शामिल हो रहे हैं। उनके साथ विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल बिहार दौरे पर रहेंगे। वे भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने का आज अंतिम दिन है। तीसरे चरण में राज्य की पांच सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन संसदीय क्षेत्रों के लिए चौवन नामांकन वैध पाए गये हैं। इन सीटों पर कुल छियानवे नामांकन पर्चे दाखिल किये गये थे, जिनमें से बयालीस रद्‌द कर दिये गये।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन भरने के काम में तेजी आ गयी है। चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों दरभंगा, उजीयारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मइ को मतदान होगा। बेगूसराय संसदीय सीट से आज शोषित समाज दल के उम्मीदवार उमेश पटेल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जानकारी के अनुसार उजीयारपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय कल अपना नामांकन भरेंगे। इन सीटों पर नामांकन भरने की आखिरी तिथि पच्चीस अप्रैल है। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि उन्नतीस अप्रैल है।

---

सहरसा के जिलाधिकारी ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले छपन्न लोगों को जिला और थाना बदर करने का आदेश दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह आदेश दिया गया है।

लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा है कि महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं में आपस में सिरफुटव्वल मची है। श्री पासवान रांची में इंडी गठबंधन की रैली के दौरान राजद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे।

---

राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा और पूर्वी चंपारण जिले में लू की स्थिति बनी रही। वहीं, बेगूसराय राज्य का सबसे गर्म

स्थान रहा जहाँ का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अगले तीन दिनों तक रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, नालंदा, नवादा, बेगूसराय, बांका, जमुई समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और उत्तर–पश्चिम भागों में अधिकांश स्थानों पर लू चलने की संभावना जतायी है। वहीं, एक स्थानीय चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के कारण आज सुपौल, अररिया, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की भी संभावना है। इधर, आज दोपहर बाद पटना और आस–पास के इलाकों में बादल छाये रहने के कारण लोगों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

———————————————————————————

भोजपुर की एक स्थानीय आदालत ने विशेश्वर ओझा हत्याकांड मामले में दो दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनायी है। आदालत ने दोनों पर पचासी–पचासी हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। अन्य पांच दोषियों को दस–दस साल की सजा सुनायी गयी है।

लखीसराय जिले के मेदनी चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत हैवतगंज के पास एक तेज़ रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया ।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।